RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

12th GEOGRAPHY

ARJUN BATCH

मानव भूगोल

विश्व जनसंख्या

अध्याय-2 | भाग-4



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN


missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

आज क्या पढ़ेंगे ?

1. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत
2. अभ्यास प्रश्न



जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की अवस्थाएँ



प्रथम अवस्था	+	+	+
द्वितीय अवस्था	+	−	+
तृतीय अवस्था	−	−	+

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्रथम अवस्था

- इस अवस्था में उच्च प्रजननशीलता और उच्च मर्त्यता अर्थात् उच्च जन्म-दर और उच्च मृत्यु-दर होती है; क्योंकि लोग महामारियों और भोजन की अनिश्चित आपूर्ति होने के कारण।
- इसमें जीवन प्रत्याशा निम्न, प्रौद्योगिकी का निम्न स्तर तथा अशिक्षित जनसंख्या रहती है है।
- इस अवस्था में लोग कृषि के कार्य में लगे रहते हैं।




RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

द्वितीय अवस्था

- इस अवस्था के प्रारंभ में उच्च प्रजननशीलता अर्थात् जन्म-दर ऊँची लेकिन समय के अनुसार घटती जाती है।
- स्वास्थ सम्बन्धी दशाओं व स्वच्छता में सुधार के कारण मृत्यु-दर में कमी आती है।
- इस अन्तर के कारण जनसंख्या में विस्फोटक वृद्धि होती है।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

तृतीय अवस्था


- इस अवस्था में जन्म-दर और मृत्यु-दर दोनों ही घट जाती है।
- जनसंख्या या तो स्थिर हो जाती है या मंद गति से बढ़ती है।
- इसमें जनसंख्या नगरीय व शिक्षित होती है।
- इसमें तकनीकी ज्ञान भी उच्च होता है।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

	BR	DR
प्रथम	+	+
II अवस्था	+	
III अवस्था	−	



* जनसंख्या विस्फोट।

→ तकनीकी में वृद्धि होगी

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

जनसंख्या नियंत्रण के उपाय

- परिवार नियोजन की सुविधाएँ
- थॉमस माल्थस के सिद्धान्त के अनुसार लोगों की संख्या खाद्य आपूर्ति की अपेक्षा अधिक तेजी से बढ़ती है।
- जनसंख्या वृद्धि का परिणाम अकाल, बीमारी तथा युद्ध।



थॉमस माल्थस
खाद्य आपूर्ति → सिमित → ट्रेडिशनल गति
जनसंख्या →
1 2 4 8 16 32

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न 1. नीचे दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(i) निम्नलिखित में से किस महाद्वीप में जनसंख्या वृद्धि सर्वाधिक है?

क. अफ्रीका

ख. एशिया

ग. दक्षिण अमेरिका

घ. उत्तर अमेरिका



(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा एक विरल जनसंख्या वाला क्षेत्र नहीं है?

क. अटाकामा मरू।

ख. भूमध्यरेखीय प्रदेश

ग. दक्षिण-पूर्वी एशिया

घ. ध्रुवीय प्रदेश




(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रतिकर्ष कारक नहीं है?

क. जलाभाव

ख. बेरोजगारी

ग. चिकित्सा/शैक्षणिक सुविधाएँ

घ. महामारियाँ



प्रवास को प्रभावित करने वाले कारक

प्रतिकर्ष कारक → सुविधाओं का अभाव

उत्कर्ष → आकर्षित सुविधाएँ

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा एक तथ्य सही नहीं है?

क. विगत 500 वर्षों में मानव जनसंख्या 10 गुणा से अधिक बढ़ी है।

ख. विश्व जनसंख्या में प्रतिवर्ष 8 करोड़ लोग जुड़ जाते हैं।

ग. 5 अरब से 6 अरब तक बढ़ने में जनसंख्या को 100 वर्ष लगे।


RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए :

(i) जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले तीन भौगोलिक कारकों का उल्लेख कीजिए।


उत्तर : 1. **जल की उपलब्धता** – जल जीवन का महत्त्वपूर्ण कारक होने के कारण नदी घाटियों के किनारे विश्व की प्राचीन सभ्यताएँ विकसित हुई।



2. भू-आकृति- पर्वतीय तथा पहाड़ी क्षेत्रों की तुलना में समतल और मंद ढालों पर अधिक जनसंख्या निवास करती हैं।


3. जलवायु - मानव के अनुकूल जलवायु शीतोष्ण कटिबंधीय होती है।




90° N.L उत्तरी ध्रुव
शीत कटि.
66°30' N.L
शीतोष्ण
23°30' N.L (कर्क रेखा)
उष्ण कटि.
0° (भूमध्य रेखा)
शीतोष्ण
23°30' S.L (मकर रेखा)
शीत कटि.
66°30' S.L
90° S.L
अनुकूल जलवायु

(ii) विश्व में उच्च जनसंख्या घनत्व वाले अनेक क्षेत्र हैं। ऐसा क्यों होता है?

उत्तर: विश्व में जनसंख्या के वितरण को मुख्यत: भौगोलिक, आर्थिक तथा सामाजिक-सांस्कृतिक कारक प्रभावित करते हैं। अत: जिन क्षेत्रों में इन कारकों की अनुकूलता होती है, वहाँ जनसंख्या का घनत्व अधिक पाया जाता है।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(iii) जनसंख्या परिवर्तन के तीन घटक कौन-से हैं?

उत्तर : जनसंख्या परिवर्तन के तीन घटक है जो निम्नलिखित प्रकार से है-

1. जन्म-दर,
2. मृत्यु-दर
3. प्रवास

BR
DR
प्रवास - ?

प्रवास के प्रकार -

① स्थाई प्रवास
② अस्थाई / मौसमी प्रवास
③ नगर - नगर
④ नगर - गाँव
⑤ गाँव - नगर
⑥ गाँव - गाँव


RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्रश्न 3. अंतर स्पष्ट कीजिए :

(i) जन्म दर और मृत्यु दर

उत्तर : एक वर्ष के प्रति हजार जनसंख्या पर जीवित जन्म लेने वाले शिशुओं की संख्या जन्म-दर कहलाती है जबकि एक वर्ष के प्रति हजार जनसंख्या पर मरने वाले व्यक्तियों की संख्या मृत्यु-दर कहलाती है।



जन्म संख्या / कुल जनसंख्या × 1000

(ii) प्रवास के प्रतिकर्ष कारक और अपकर्ष कारक में अंतर

उत्तर :

प्रतिकर्ष कारक	अपकर्ष कारक
प्रवास के प्रतिकर्ष कारकों में वे सभी कारक सम्मिलित होते हैं, जो किसी व्यक्ति को अपना मूल स्थान छोड़ने के लिए बाध्य करते हैं, या प्रोत्साहित करते हैं।	अपकर्ष कारकों में वे कारक सम्मिलित होते हैं, जो किसी व्यक्ति को उद्गम स्थान की तुलना में गंतव्य स्थान पर बसने के लिए अधिक आकर्षित करते हैं।

प्रतिकर्ष कारक	अपकर्ष कारक
बेरोजगारी, जीवन की निम्न दशाएँ, राजनीतिक अशांति, प्रतिकूल जलवायु, प्राकृतिक आपदाएँ, महामारियाँ तथा सामाजिक-आर्थिक पिछड़ापन आदि।	काम के बेहतर अवसर और जीवन की अच्छी दशाएँ, शांति व स्थायित्व, जीवन व सम्पत्ति की सुरक्षा तथा अनुकूल जलवायु प्रवास आदि।

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

(i) विश्व में जनसंख्या के वितरण और घनत्व को प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए।

उत्तर : विश्व में जनसंख्या के वितरण और घनत्व को प्रभावित करने वाले कारक निम्नलिखित प्रकार से है-

1. भौगोलिक कारक – विश्व में जनसंख्या के वितरण और घनत्व को प्रभावित करने वाले भौगोलिक कारक निम्नलिखित है–

(i) जल की उपलब्धता– जल जीवन का सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण कारक है। अत: लोग उन क्षेत्रों में बसने को प्राथमिकता देते हैं जहाँ जल आसानीपूर्वक उपलब्ध हो जाता है, जैसे– नदी, झील, तालाब आदि।

(ii) भू-आकृति- लोग पर्वत व पठार की अपेक्षा समतल मैदानों और मंद ढालों पर बसने को प्राथमिकता देते है क्योंकि ऐसे क्षेत्र फसलों के उत्पादन, सड़क निर्माण और उद्योगों के लिए अनुकूल होते हैं।

(iii) जलवायु- मृदुल जलवायु दशाएँ रखने वाले क्षेत्र, जिनमें अधिक मौसमी परिवर्तन नहीं होते हैं, सघन रूप से बसे मिलते हैं।

(iv) मृदाएँ – उपजाऊ मृदाएँ कृषि तथा इनसे सम्बन्धित क्रियाओं के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। इसी कारण नदी घाटियों की जलोढ़ मिट्टी के क्षेत्रों एवं डेल्टाई भागों तथा उपजाऊ काली मिट्टी के क्षेत्रों में सघन जनसंख्या का जमाव पाया जाता है जबकि कम उपजाऊ मिट्टी रखने वाले क्षेत्रों में विरल जनसंख्या पाई जाती है।

2. **आर्थिक कारक :-** जनसंख्या के वितरण और घनत्व को प्रभावित करने वाले आर्थिक कारक निम्नलिखित है-

(i) **खनिज-** खनिज कई प्रकार के उद्योगों के लिये कच्चा माल होता है जो उद्योगों को आकर्षित करता है।

(ii) नगरीकरण– नगर योजना के बेहतर अवसर, शैक्षणिक व चिकित्सा सम्बन्धी सुविधाएँ तथा परिवहन और संचार के बेहतर साधन प्रस्तुत करते हैं। अतः ग्रामीण क्षेत्रों से नगरीय क्षेत्रों में प्रवास होता है तथा नगरों का आकार बढ़ जाता है।


(iii) औद्योगीकरण- औद्योगिक पेटियाँ रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाती हैं तथा बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित करती हैं। इनमें केवल कारखानों के श्रमिक ही नहीं होते हैं, अपितु परिवहन परिचालक, दुकानदार, बैंककर्मी, डॉक्टर, अध्यापक तथा अन्य सेवाएँ उपलब्ध करवाने वाले भी होते हैं। यथा- जापान का कोबे-ओसाका प्रदेश अनेक उद्योगों की स्थापना होने के कारण सघन बसा हुआ है।

3. **सामाजिक एवं सांस्कृतिक कारक–** विश्व के कुछ स्थान धार्मिक अथवा सांस्कृतिक महत्त्व के कारण अधिक संख्या के लोगों को आकर्षित करते हैं। ठीक इसी प्रकार लोग उन क्षेत्रों को छोड़कर चले जाते हैं जहाँ सामाजिक और राजनीतिक अशांति का वातावरण होता है।

(ii) जनांकिकीय संक्रमण की तीन अवस्थाओं की विवेचना कीजिए।


उत्तर : प्रतिपादक :- डब्ल्यू. एम. थॉम्पसन (1929) एवं नोटेंस्टीन (1945)

❖ इस सिद्धान्त के अनुसार समाज ग्रामीण, खेतिहर और अशिक्षित अवस्था से उन्नति करके नगरीय औद्योगिक और साक्षर बनता है तो किसी प्रदेश की जनसंख्या उच्च जन्म और उच्च मृत्यु से निम्न जन्म व निम्न मृत्यु में परिवर्तित होती है।



ये परिवर्तन अवस्थाओं में होते हैं जिन्हें सामूहिक रूप से जनांकिकीय चक्र के रूप में जाना जाता है।





उच्च उतार चढ़ाव
अवस्था I
अवस्था II
अवस्था III
35
15
जनसंख्या में प्राकृतिक वृद्धि
मृत्यु दर
निम्न उतार चढ़ाव
अशोधित जन्म दर / अशोधित मृत्यु दर
बांग्लादेश
वर्षा वनों के आदिवासी
पीरू
श्रीलंका, केन्या
कनाडा, जापान स. रा. अमेरिका
वर्तमान विश्व के उदाहरण
समय

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्रथम अवस्था

- इस अवस्था में उच्च प्रजननशीलता और उच्च मर्त्यता अर्थात् उच्च जन्म-दर और उच्च मृत्यु-दर होती है; क्योंकि लोग महामारियों और भोजन की अनिश्चित आपूर्ति होने के कारण।
- इसमें जीवन प्रत्याशा निम्न, प्रौद्योगिकी का निम्न स्तर तथा अशिक्षित जनसंख्या रहती है है।
- इस अवस्था में लोग कृषि के कार्य में लगे रहते हैं।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

द्वितीय अवस्था

- इस अवस्था के प्रारंभ में उच्च प्रजननशीलता अर्थात् जन्म-दर ऊँची लेकिन समय के अनुसार घटती जाती है।
- स्वास्थ सम्बन्धी दशाओं व स्वच्छता में सुधार के कारण मृत्यु-दर में कमी आती है।
- इस अन्तर के कारण जनसंख्या में विस्फोटक वृद्धि होती है।




RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

तृतीय अवस्था

- इस अवस्था में जन्म-दर और मृत्यु-दर दोनों ही घट जाती है।
- जनसंख्या या तो स्थिर हो जाती है या मंद गति से बढ़ती है।
- इसमें जनसंख्या नगरीय व शिक्षित होती है।
- इसमें तकनीकी ज्ञान भी उच्च होता है।



विश्व की जनसंख्या

1. भारत
2. चीन
3. U.S.A
4. इण्डोनेशिया
5. पाकिस्तान
6. नाइजीरिया
7. ब्राजील
8. बांग्लादेश



जनघनत्व → प्रति $1 km^2$ में निवास करने वाली जनसंख्या को जनघनत्व कहते हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

2011 भारत का जनघनत्व - 382 व्यक्ति/वर्ग कि.मी.

~~सर्वाधिक~~

1. बिहार → 1106
2. W.B → 1028
3. केरल → 860

कम:

1. अरुणाचल प्रदेश (17)
2. मिजोरम → (52)
3. सिक्किम → (86)

→ केन्द्रशासित प्रदेश सर्वाधिक → दिल्ली

→ कम → अण्डमान-निकोबार।